मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग

रेसीडेंसी क्षेत्र - इंदौर

सूचना क्रमांक 02/02/चयन/2015, दिनांक 25.07.2018

जिला आयुष अधिकारी/ वैज्ञानिक अधिकारी (वनस्पतिशास्त्र एवं रसायनशास्त्र फ़ार्माकोग्नौसी) परीक्षा- 2015

परीक्षा के आयोजन तथा परीक्षा शुल्क जमा करने की सूचना

ऑनलाइन परीक्षा हेतु शुल्क जमा करने की अवधि	परीक्षा तिथि	प्रवेश पत्र अवधि उपलब्ध होने की अवधि
01.08.2018 से 20.08.2018	23.09.2018	01.09.2018 से 21.09.2018

01 आयोग द्वारा आयुष विभाग, मध्य प्रदेश शासन हेतु विभिन्न पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन क्रमांक 02/चयन/2015, दिनांक **31.03.2015** आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित किया गया था तथा **"रोजगार और निर्माण"** समाचार पत्र के दिनांक **06.04.2015** के अंक में प्रकाशित किया गया था जिसके ऑनलाइन आवेदन पत्र अभ्यर्थियों द्वारा जमा किए गए थे।

02 उक्त विज्ञापन में विज्ञापित **"जिला आयुष अधिकारी" तथा "वैज्ञानिक अधिकारी (वनस्पतिशास्त्र एवं रसायनशास्त्र फ़ार्माकोग्नौसी)"** के पदों की पूर्ति हेतु आयोग द्वारा ऑनलाइन परीक्षा के आयोजन का निर्णय लिया गया है। केवल वे अभ्यर्थी जिन्होंने उक्त विज्ञापन के अधीन **"जिला आयुष अधिकारी" तथा "वैज्ञानिक अधिकारी (वनस्पतिशास्त्र एवं रसायनशास्त्र फ़ार्माकोग्नौसी)"** के पद हेतु आवेदन भरा था वे दिनांक **01.08.2018** से दिनांक **20.08.2018** तक **www.mppscdemo.in, www.mppsc.nic.in** तथा **www.mppsc.com** पर उपलब्ध कराये गए लिंक के माध्यम से निम्नानुसार परीक्षा शुल्क का भुगतान कर परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे :-

मध्य प्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (नान क्रीमी लेयर) के अभ्यर्थियों हेतु	शेष सभी श्रेणी तथा मध्य प्रदेश के बाहर के निवासी आवेदकों हेतु
रु. 500/-	रु.1000/-
टीप:- जो अभ्यर्थी निर्धारित अंतिम तिथि **20.08.2018** तक उपरोक्तानुसार परीक्षा शुल्क का भुगतान नहीं करेंगें उनकी अभ्यर्थिता स्वयंमेव समाप्त हो जाएगी तथा इस संदर्भ में प्राप्त किसी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा	

03 ऑनलाइन परीक्षा दिनांक **23.09.2018** को दोपहर पश्चात 2:00 बजे से 4:00 बजे तक इंदौर स्थित परीक्षा केंद्र पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र दिनांक **01.09.2018** से **21.09.2018** तक आयोग की वेबसाइट **www.mppscdemo.in, www.mppsc.nic.in** तथा **www.mppsc.com** पर उपलब्ध रहेंगें।

04 ऑनलाइन परीक्षा उपरांत परीक्षा में पूछे गए प्रश्नों और उसके आदर्श उत्तरों की कुंजी तैयार कर, आयोग की वेबसाइट www.mppscdemo.in, www.mppsc.nic.in तथा www.mppsc.com पर प्रकाशित कर ऑनलाइन पद्धति से 07 दिवस की अवधि में आपत्तियां प्राप्त की जायेंगी । इस अवधि के पश्चात प्राप्त किसी भी अभ्यावेदन पर कोई विचार एवं पत्राचार नहीं किया जाएगा । **प्रति प्रश्न आपत्ति हेतु 100 रुपये शुल्क देय होगा । आपत्ति हेतु दिया गया शुल्क आपत्ति सही पायी जाने की स्थिति में वापस किया जाएगा।**

प्राप्त आपत्तियों पर आयोग द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति द्वारा विचार किया जायेगा। समिति द्वारा आपत्तियों पर विचार कर निम्नलिखित अनुसार कार्यवाही की जायेगी:-

1. ऐसे प्रश्न जिनका आदर्श कुंजी में गलत उत्तर दिया गया है और प्रश्न के वैकल्पिक उत्तरों में दूसरा सही उत्तर उपलब्ध है तब आदर्श कुंजी को संशोधित किया जायेगा।
2. आपत्तियों के आधार पर निम्नलिखित अनुसार पाये गये प्रश्नों को प्रश्नपत्र से विलोपित किया जायेगा :-
   (अ) ऐसे प्रश्न जिसका दिये गये विकल्पों में सही उत्तर न हो ।
   (आ) ऐसे प्रश्न जिसका दिये गये विकल्पों में एक से अधिक सही उत्तर हों।

समिति द्वारा विलोपित किए गये प्रश्नों को छोड़कर शेष प्रश्नों के आधार पर अभ्यर्थियों का मूल्यांकन कर परीक्षा परिणाम घोषित किया जायेगा।

05 **अत्यंत महत्वपूर्ण:** उक्त परीक्षा से संबन्धित निम्न जानकारियां आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित की गयी है:-

(I) **जिला आयुष अधिकारी/ वैज्ञानिक अधिकारी (वनस्पतिशास्त्र एवं रसायनशास्त्र फ़ार्माकोग्नौसी) परीक्षा- 2015** ऑनलाइन परीक्षा की परीक्षा योजना तथा पाठ्यक्रम।

(II) ऑनलाइन परीक्षा पद्धति के संबंध में आवश्यक निर्देश।

(III) ऑनलाइन परीक्षा का डेमो।

सभी अभ्यर्थी उक्त जानकारियों का भलीभांति अध्ययन कर ऑनलाइन परीक्षा में सम्मिलित हों।

सचिव